आईटीटीएफ रैंकिंग में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बने शरत कमल

नई दिल्ली।

अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने हाल ही में सिंगापुर स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद नई अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) रैंकिंग में लंबी छलांग के साथ भारत का नंबर 1 स्थान हासिल किया। सिंगापुर स्मैश में शरत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर के रूप में प्रतियोगिता शुरू करने के बावजूद, 41 वर्षीय शरत विश्व नंबर 13 डार्को जोर्जिक और 22 उमर असार को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष एकल स्वर्ण पदक विजेता ने पुरुष एकल रैंकिंग में 88वें स्थान से 34वें स्थान तक का सफर तय किया। हरमीत देसाई (65वें) और मानव ठक्कर (74वें) शीर्ष 100 में दो अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला एकल में, मनिका बत्रा सर्वोच्च रैंक वाली भारतीय पैडलर के रूप में शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। उन्होंने सूची में दो स्थान नीचे 38वें स्थान पर खिसकने के मामूली झटके के बावजूद अपनी स्थिति बरकरार रखी है। इस बीच, श्रीजा अकुला के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीन पायदान आगे 47वें स्थान तक पहुंचा दिया जिससे अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस क्षेत्र में भारत की ताकत और मजबूत हो गई है। नई रैंकिंग में यशस्विनी घोरपड़े को विश्व में 100वां स्थान दिया गया है।

पूरे साल की मेहनत का नतीजा था खिताब : मंधाना

नई दिल्ली-

आरसीबी की महिला टीम ने फैंस का 16 साल का इंतजार खत्म किया और डब्ल्यूपीएल 2024 ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की खिताबी जीत के बाद कप्तान स्मृति मंधाना ने सपने को हकीकत में बदलने के लिए की गई कड़ी तैयारियों का खुलासा किया। ड्रेसिंग रूम से लेकर ऑफ-सीजन में भारतीय घरेलू खिलाड़ियों के साथ कैम्प में समय बिताने तक, आरसीबी की टीम ने ट्रॉफी जीतने के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, जो आखिरकार रविवार को डब्ल्यूपीएल फाइनल मुकाबले में दिल्ली को हराकर पूरा हुआ।यह आरसीबी के लिए एक यादगार रात थी। खिलाड़ियों ने फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन किया। खासतौर पर आरसीबी के गेंदबाजों ने खराब शुरुआत के बावजूद दमदार वापसी की और दिल्ली कैपिटल्स को 113 के मामूली स्कोर तक सीमित कर दिया। फिर, टीम ने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया और केवल दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।फेयर प्ले पुरस्कार जीतने के अलावा, आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल में पहली बार ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत पुरस्कार भी जीते। जिसमें सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप 347 (एलिस पैरी), जबकि श्रेयंका पाटिल ने सर्वाधिक 13 विकेटों के लिए पर्पल कैप और टूर्नामेंट की उभरती खिलाड़ी का ताज पहना।आरसीबी के ट्रॉफी जीतने के बाद कप्तान स्मृति ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर एक साल की योजना और रणनीति ने टीम को यहां तक पहुंचाया। पहली बात, वे कहते थे, यह आपकी टीम है और आप इसे जिस तरह से बनाना चाहते हैं उसे बनाएं। यह मेरे लिए सबसे बड़ी

बात थी।स्मृति ने कहा, दूसरी बात यह थी कि हम वास्तव में खुश हैं और पॉजिटिव चीजों के मामले में एक अच्छी संस्कृति स्थापित करना चाहते हैं। इसलिए योजना के मामले में यह एक बड़ी बात थी कि हम टीम का माहौल कैसा चाहते हैं।

फिर योजना का दूसरा हिस्सा, जहां हमने नाम तय करना शुरू किया, खिलाड़ियों पर नज़र रखना शुरू किया, जैसे कि सोफी पिछले साल चोटिल हो गई थी। इसलिए, हमें उसे ट्रैक करना था, क्या वह ठीक कर रही है। कोच ल्यूक विलियम्स के ऑस्ट्रेलिया से होने के कारण वास्तव में मदद मिली। पिछले वर्ष आरसीबी द्वारा आयोजित कई प्रशिक्षण शिविरों के महत्व के बारे में बात करते हुए, आरसीबी की कप्तान ने कहा, आरसीबी ने एक बहुत अच्छी बात की थी कि उन्होंने पिछले साल कई शिविर आयोजित किए थे। प्रशिक्षण शिविर, फिटनेस शिविर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी-विशिष्ट शिविर, वह भी हमारी योजना का हिस्सा था।

कोहली की जबरा फैंन ने रचा दिया इतिहास.....चर्चा में श्रेयांका

नई दिल्ली ।

रॉयल चैंलेजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर आखिर भाग्य मुस्कुराया और टीम चैंपियन बन गई। डब्ल्यूपीएल के फाइनल में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टीम की एलिस पैरी जहां सर्वाधिक 331 रन बनाकर ऑरेंज कैप होल्डर बनीं, जबकि 21 साल की श्रेयांका पाटिल ने पर्पल कैप (8 मैच में 13 विकेट, औसत 12.08) के साथ एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बनकर अपने रुतबे को बढ़ाया। फाइनल में श्रेयांका ने 3.3 ओवर में 12 रन देकर चार विकेट लिए जिसमें विपक्षी कप्तान और टूर्नामेंट की नंबर 2 टॉप स्कोरर मेग लेनिंग का विकेट शामिल था। सिलिकॉन वैली की श्रेयांका को इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किए तीन माह ही हुए हैं, लेकिन अपने दमदार प्रदर्शन से उन्होंने 'लंबी पारी' खेलने का संकेत दिया है। दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर और बैटर ने दो वनडे इंटरनेशनल में चार और छह टी20आई में आठ विकेट हासिल किए हैं। महज 10 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़ीं श्रेयांका ने पहले सेशन में ही छह विकेट और अच्छे स्ट्राइक रेट से 62 रन बनाकर चमक दिखा दी थी। अपने दूसरे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी को चैंपियन बनाने में अहम योगदान देने वाली श्रेयांका की नेटवर्थ करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है। विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग में भाग लेने वाली श्रेयांका भारत की पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। उन्होंने ऐसी पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा है। जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट में एंट्री से पहले ही किसी विदेशी लीग में करार की पेशकश की गई। 2023 के विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग सीजन में श्रेयांका ने गुयाना अमेजन वारियर्स की ओर से खेलकर 5 मैच में 9 विकेट लिए थे और वे टूर्नामेंट की सबसे अधिक विकेट लेने वाली बॉलर थीं। 31 जुलाई 2002 को जन्मी श्रेयांका की वैसे बचपन से क्रिकेट में रुचि थी लेकिन आईपीएल देखने और विराट कोहली से मिलने के बाद उन्होंने इसमें करियर बनाने के बारे में गंभीरता से सोचा। श्रेयांका के पिता राजेश पाटिल बिजनेसमैन हैं। क्रिकेट में नाम कमाने के सपने को पूरा करने के उन्होंने क्रिकेट अकादमी में बेटी का दाखिला कराया। आरसीबी की ओर से ही खेलने वाले विराट कोहली की डाईहार्ड फैन श्रेयांका ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिसंबर 2023 में



भारत के लिए टी20 और वनडे खेलकर श्रेयांका ने इंटरनेशनल डेब्यू किया है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें कैप प्रदान किया था।

हसी ने धोनी की प्रशंसा की,बढ़ती उम्र के साथ ही वह जवान और फिट होते जा रहे

हॉलीवुड के पात्र से की तुलना

चेन्नई ।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह हमेशा की तरफ ही आईपीएल 2024 खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हसी के अनुसार धोनी की फिटनेस भी काफी अच्छी है। साथ ही कहा कि वह टूर्नामेंट के लिए जमकर अभ्यास कर रहे हैं। पिछले साल वह घुटने के दर्द से परेशान रहे थे पर सर्जरी के बाद उसमें भी कोई परेशानी नहीं है। वह एक प्रकार से हॉलीवुड के उस पात्र बेंजामिन बटन की तरह हैं जो समय गुजरने के साथ बेहतर होता जाता है। बेंजामिन का जन्म 1918 में एक बुजुर्ग व्यक्ति की शारीरिक स्थिति के साथ हुआ था पर इसके बाद वह जवान और उसके बाद बच्चा बन जाता है। इस पर हालीवुड में एक फिल्म भी बनी है। जिसमें अभिनेता टॉम क्रूज ने काम किया है। हसी ने धोनी की तुलना बेंजामिन से करते हुए कहा कि बढ़ती उम्र के साथ ही वह जवान और फिट होते जा रहे हैं।

हसी ने साथ ही कहा कि सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के चोटिल होने के कारण पारी की शुरुआत रचिन रवींद्र और अजिंक्य रहाणे कर सकते हैं। हसी ने कहा, हमें रचिन जैसा सितारा मिला है, जो कॉनवे की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करता। वहीं रहाणे ने पिछले साल बहुत अच्छा खेला। वह क्रम में ऊपर भी जा सकते थे।

इसके अलावा नये खिलाड़ी समीर रिजवी की भूमिका पर उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से वह अंबाति रायुडू जैसे भूमिका निभाने का प्रयास कर सकता है। रिजवी अभी अपना आईपीएल करियर शुरू कर रहे हैं। हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वह अनुभवी रायडू जैसा खेल पायेगा।

चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में ही होगा किसी अन्य देश में आयोजित नहीं करेंगे : नकवी

कराची ।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हम अगले साल तय समय पर ही करेंगे। पीसीबी प्रमुख ने कहा कि वह इस प्रतियोगिता का आयोजन किसी अन्य देश में करने पर विचार नहीं कर रहे। नकवी ने कहा कि उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से भी इस बारे में बात की थी।

नकवी ने कहा, 'हां हमने थोड़ी देर के लिए बातचीत की थी पर उसकी जानकारी नहीं दी जा सकती। जब उनसे पूछा गया कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करती है तो क्या यह टूर्नामेंट किसी अन्य देश में आयोजित किया जाएगा तो उन्होंने कहा, 'मैं अभी टूर्नामेंट को किसी अन्य देश में आयोजित करने के बारे में सोच भी नहीं रहा हूं। हमें पूरा भरोसा है कि हम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेंगे। वहीं इससे पहले आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने हाल में कहा था कि वह भारत को पाक का दौरा नहीं करने की सरकारी नीति का उल्लंघन करने के लिए नहीं कहेगा। नकवी ने इसके साथ ही कहा कि पीसीबी प्रतियोगिता के करीब आने पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने इसके अलावा कहा कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी के स्टेडियमों का नवीनीकरण किया जाएगा। इन स्थानों पर चैंपियंस ट्रॉफी के अधिकतर मैचों का आयोजन किया जाएगा। भारत ने नवंबर 2008 में मुंबई आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। इसी कारण पाक में होने वाले एशिया कप में भारतीय टीम के मैच श्रीलंका में खेले गये थे।

विराट के साथ बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं डुप्लेसी

टीम के साथियों को उर्जा से भर देते हैं

बेंगलुरु ।

आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी कर रहे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर फाफ डुप्लेसी ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर सराहना की है। डुप्लेसी ने कहा कि विराट अपनी ऊर्जा से टीम के हर सदस्य को भर देते हैं और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। डुप्लेसी के अनुसार मैदान के अंदर हो या बाहर विराट सभी के लिए एक प्रेरक की तरह काम करते हैं। इसी कारण वह विराट से बेहद प्रभावित हैं। इसका एक कारण ये है कि दोनों की पसंद भी करीब-करीब एक ही है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में आईपीएल की कप्तानी छोड़ दी थी। जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की कप्तानी सौंपी गयी थी। उन्होंने कहा कि उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव अविश्वसनीय होता है। इसी लिए मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। उन्होंने कहा, 'वह जिस तरह से हमेशा ऊर्जा से भरा रहता है, वह शानदार है। पता नहीं मैदान पर कैच पकड़ते समय वह इतनी ऊर्जा कैसे बनाये रखते हैं। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और ये तय करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लें। कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों पर उनके सुझाव और क्षेत्ररक्षण करने वाली इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी प्रशंसक हैं। इस को लेकर इस दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों को जमाने में मेरे लिए बहुत अहम रहता है। जहां तक टीम का संबंध है तो वह काफी चीजों में अगुआई करता है लेकिन क्षेत्ररक्षण ऐसा विभाग है जहां वह मैदान में लय तय करता है और ऊर्जा भरता है। जहां तक मैदान के बाहर की बात है इसमें भी

कोहली से डुप्लेसी काफी प्रभावित होते है।

राहुल को एनसीए से आईपीएल खेलने की मंजूरी मिल

विकेटकीपिंग नहीं कर पायेंगे



नई दिल्ली । अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल 22 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में लखनऊ सुपरजायंटस की ओर से खेल सकेंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें आईपीएल में खेलने की मंजूरी दे दी है हालांकि वह विकेटकीपिंग नहीं कर पायेंगे। उन्हें शुरू में ही ज्यादा काम का बोझ नहीं लेने को कहा गया है। राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान फिर से चोटिल हो गए थे। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम से बाहर हो गये थे। इसके बाद राहुल ने फिटनेस हासिल करने के लिए एनसीए में बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग से जुड़े अभ्यास के साथ ही आउटफील्ड में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास भी किया था। इसका एक वीडियो भी उन्होंने सोशल मीडिया में जारी किया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, ''एनसीए ने राहुल को खेलने की मंजूरी दे दी है तथा वह गुरुवार को लखनऊ में टीम से जुड़ जाएंगे। लखनऊ की टीम अपना पहला मैच 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में खेलेगी। उन्हें शुरू में विकेटकीपिंग नहीं करने की सलाह दी गई है तथा वह इस मैचों में एक बल्लेबाज के तौर पर ही उतरेंगे।''राहुल के विकेटकीपिंग नहीं करने के कारण ये जिम्मेदारी दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकाक या वेस्टइंडीज के निकोलस पूरण में से किसी एक को मिल सकती है।

ऋषभ के लिए शुरुआत से ही धाराप्रवाह बल्लेबाजी करना कठिन होगा : गावस्कर

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत में ही तेजी से खेलना कठिन होगा। गावस्कर के अनुसार जब ऋषभ ज्यादा से ज्यादा मैचों में बल्लेबाजी करना शुरू कर देंगे तो उनके घुटने मैच के हालातों के अनुसार मुड़ने लगेंगे। ऋषभ कार हादसे से उबरकर करीब 14 महीनों के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वह 'रिहैबिलिटेशन' के दौर से भी गुजरे हैं। कार्यक्रम में हिस्सा लिया. गावस्कर ने कहा, ''उसके लिए वापसी आसान नहीं होगी हालांकि उसके लिए सकारात्मक बात ये होगी कि उसने कुछ समय अभ्यास किया है। इसके बाद भी लय में खेलना उनके लिए कुछ कठिन होता है। '' उन्होंने कहा, ''जब आप घुटने के बारे में बात करते हो तो घुटने में जो मूवमेंट होता है, उस पर असर पड़ता है। वहीं विकेटकीपिंग भी मुश्किल रहती है पर बल्लेबाजी में घुटना बहुत जरुरी होता है। इसलिए हो सकता है कि शुरू में हमें उनसे वैसी धाराप्रवाह बल्लेबाजी देखने को नहीं मिले जिसे हम देखते थे।'' साथ ही कहा कि मैदान में उसके रहने से मनोरंजन भी होता है क्योंकि वह हंसी मजाक करता रहता है।

संक्षिप्त समाचार

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से वापसी करेंगे हसरंगा

कोलम्बो। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को बांग्लादेश के साथ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। हसरंगा ने पिछले साल सीमित ओवरों के क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए टेस्ट प्रारुप को अलविदा कह दिया था। वहीं अब बांगलादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उन्हें 17 सदस्यीय टीम में जगह दी गयी है। इसके अलावा तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा और अनकैप्ड ऑफस्पिनर निशान पाइरिस को भी टीम में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि हसरंगा ने अब तक चार टेस्ट मैचों में 100.75 की औसत से चार विकेट लिए हैं। उन्होंने अंतिम बार अप्रैल 2021 में टेस्ट मैच खेला था। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज तीन अप्रैल को खत्म होगी। ऐसे में हसरंगा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से पहले तीन मैच नहीं खेल पायेंगे। वहीं लाहिरू ने भी गत एक साल से कोई टेस्ट नहीं खेला है। जहां तक पेइरिस की बात है उसने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में 24 विकेट लिए हैं। कुल मिलाकर, उन्होंने 37 मैचों में 24.79 की औसत से 153 विकेट लिए हैं। दोनो ही टीमों के बीच पहला टेस्ट शुक्रवार से सिलहट में शुरू होगा। बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए **श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है :** - धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस, दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुश्का, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, सदीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), कामिंडु मेंडिस, लाहिरू उदारा, वानिंदु हसरंगा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, निशान पेइरिस, कासुन राजिथा, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और चमिका गुणशेखरा।

अभ्यास सत्र में रोहित की आक्रामक बल्लेबाजी देखकर प्रशंसकों में खुशी की लहर

नई दिल्ली। मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2024 के लिए अभ्यास सत्र के दौरान जमकर शॉट खेले हैं। इस सत्र में रोहित ने हर प्रकार के शॉट लगाये। इससे जहां उनकी टीम और प्रशंसकों में खुशी की लहर है। वहीं विरोधी टीमें के गेंदबाजों में डर का माहौल है। मुंबई इंडियंस की टीम अपना पहला मैच रविवार को खेलेगी। रोहित इस बार मुंबई इंडियंस में केवल एक बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे क्योंकि सत्र की शुरुआत में ही टीम प्रबंधन ने हार्दिक पंड्या को नय कप्तान बन दिया है। ये पहली बार होगा जब रोहित पंड्या की कप्तानी में खेलते नजर आएंगे। वहीं पंड्या इस सीजन से पहले गुजरात टाइटंस के कप्तान थे। पंड्या ने गुजरात टाइटंस की दो सत्र में कप्तानी की थी। उन्होंने अपनी कप्तानी के पहले सत्र में गुजरात टाइटंस को विजेता बनाया था। वहीं पिछले साल टीम उपविजेता रही थी। वहीं पंड्या ने कप्तान बदलने के सवाल पर कहा, 'कुछ भी नहीं बदलने जा रहा है। रोहित सीनियर हैं और वह हर समय मेरी सहायत के लिए तैयार रहेंगे। टीम आज जहां भी है उसमें उनकी अहम भूमिका रही है।

पंड्या ने बताया , फिट होने के बाद भी इसलिए नहीं खेल पाये

नई दिल्ली । आईपीएल 2024 की तैयारियों में लगे मुम्बई इंडियंस के कप्तान और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा है कि वह इस साल की शुरुआत में ही फिट हो गये थे पर तब कोई मैच नहीं थे, इसलिए वह एक भी मैच नहीं खेल पाये। पंड्या गत वर्ष एकदिवसीय विश्वकप के दौरान चोटिल हो गए थे, इसके बाद से ही वह भारतीय टीम से बाहर थे पर अब वह आईपीएल से वापसी करते नजर आयेंगे। इसको लेकर वह आचोचकों के भी निशाने पर रहे हैं। वहीं हार्दिक ने भी माना कि वह अगानिस्तान के खिलाफ सीरीज तक फिट हो गए थे। पंड्या ने कहा, हां मैं गेंदबाजी कर रहा था। विश्वकप में मुझे चोट लगी थी। वह हालांकि ज्यादा बड़ी नहीं थी। इससे मेरी पहले वाली चोट पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा था। मेरी फिटनेस भी ठीक थी। जब मैं फिट हुआ तो उस समय जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत ही हुई थी। इसके बाद से कोई मैच नहीं हुआ था। इस कारण मुझ खेलने का अवसर नहीं मिला। आईपीएल में पंड्या का पिछला प्रदर्शन शानदार रहा है। पिछले 2 साल से वह गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे जहां साल 2022 में उन्होंने टीम को पहले ही सत्र में विजेता बनाया था। इसके बाद साल 2023 में टीम को फाइनल में पहुंचाया था पर तब उसे सीएसके से हार का सामना करना पड़ा था। पंड्या ने अब तक भारतीय टीम की ओर से कुल 92 टी20 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने कुल 1348 रन बनाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 71 जबकि औसत करीब 25 का रहा है। इसके अलावा गेंदबाजी करते हुए हार्दिक ने 92 मैचों की 82 पारियों में कुल 73 विकेट लिए हैं।